राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

30 जनवरी, 2022 को राजस्थान के परिवहन राज्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने चूरू जिले के राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे ट्रॉमा सेंटर भवन का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस दौरान प्रभारी मंत्री ओला एवं सादुलपुर विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने ट्रॉमा सेंटर की शिलान्यास पट्टिका का अनावरण भी किया।
- इस मौके पर मंत्री ओला ने चूरू से रोहतक वाया भिवानी, सरदारशहर से दिल्ली वाया भिवानी एवं राजगढ़ से गालड़ बस सेवा शुरू करने तथा बैरासर गाँव में बस स्टॉपेज शुरू करने का आश्वासन दिया।
- विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2021-22 के अंतर्गत ट्रॉमा सेंटर के लिये कुल 6 करोड़ 4 लाख रुपए खर्च किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें से 2 करोड़ रुपए लागत से भवन निर्माण किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-trauma-center-laid-at-rajgarh-community-health-center